Name	Date of Joining
TGTs- Two	
(a) Mr. B. Krishnan (Maths)	24-2-88
(b) Mrs. Urmila Srivastava (English)	10-2-88
PRTs- Six	
(a) Mrs. Rashmi Gauba	16-9-87
(b) Mrs. Asha Sharma	16-9-87
(c) Mr. N. Subramanian	14-10-87
(d) Mr. K.K. Ghosh	23-10-87
(e) Miss Ranjana Gupta	16-9-87
(f) Mrs. Jayashree Chopra	6-10-87

बिगड़े हुए जंगलों का पुनर्वास

1595. **श्री अजीत जोगी :** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को उस बात की जानकारी है कि बहुत बड़े क्षेत्रफल में ऐसे बिगड़े हुये जंगल हैं जिनके संरक्षण और देखभाल पर थोड़ा-सा व्यय करने पर उन्हें अच्छे और घने जंगलों में परिवर्तित किया जा सकता है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस प्रयोजन के लिये राज्य सरकारों को कोई वित्तीय सहायता दे रही है ; और

(ग) बिगड़े हुये जंगलो के पुनर्वास के लिये मध्य प्रदेश को इस वर्ष और आने वाले वर्षों में कितनी धनराशि की सहायता दिये जाने की संभावना है और इस प्रयोजन के लिये राज्य की वास्तविक आवश्यकता कितनी है?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री नीलमणि राउतराय) : (क) प्राकृतिक पुनरुत्पादन के संवर्धन के लिये समुचित परिरक्षण तथा देखभाल के द्वारा अवक्रमित वनों की पुनर्स्थापना पर बल दिया जा रहा है । जिन क्षेत्रों में रूटस्टाक, बीज वाहकों की अनुपलब्धता अथवा अन्य कारणों से प्राकृतिक पुनरुत्पादन संभव नहीं होता वहां वृक्षारोपण किया जा रहा है ।

(ख) विभिन्न राज्य प्लान परियोजनाओं के अन्तर्गत अवक्रमित वनों की पुनर्स्थापना की जाती है । इसके अतिरिक्त, एकीकृत परती भूमि विकास प्रायोजना, क्षेत्रोन्मुख ईंधन लकड़ी चारा प्रायोजना, लघु वनोपज वृक्षारोपण, बीज विकास तथा हवाई बीजारोपण से संबंधित केन्द्रीय प्रायोजित परियोजनाओं के अन्तर्गत राज्यों को सहायता भी दी जाती है ।

(ग) वर्ष 1990-91 के दौरान विभिन्न केन्द्रीय प्रायोजित परियोजनाओं के अन्तर्गत मध्य प्रदेश के लिये अंतरिम आवंटन 3 करोड़ रुपये है । उत्तरोत्तर वर्षों के लिये आवंटन निश्चित नहीं किया गया है । इस उद्देश्य के लिये राज्य सरकार ने अपनी वास्तविक आवश्यकता के बारे में सूचित नहीं किया है ।